यदि हां, तो यह सुनिश्चित करने के लिए क्या विशेष प्रबन्ध किये जा रहे हैं कि वह पुनः गिरफ्तारी के बाद फिर से भाग न निकले ;

(ख) क्या यह सच है कि तिहाड़ जेल के अन्य प्रमुख क्षेत्रों में साधन सम्पन्न कैदियों को खाने और मादक पेय के साथ-साथ आमोद-प्रमोद की सुविधाएं भी सुलभ करायी जाती हैं और इन कैदियों द्वारा सरकारी तंत्र प्रभावित है ; और

(ग) यदि हां, तो क्या जेल के अंदर सुधार और कड़ाई के लिए कोई नये कदम उठाये जायेंगे, यदि हां, तो किस प्रकार के कदम उठाये जायेंगे ?

संचार मंत्रालय के और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम निवास मिर्धा) : (क) चार्ल्स शोभराज के भाग निकलने से संबंधित जांच पूरी हो गई है। जांच अधिकारी की रिपोर्ट दिल्ली प्रशासन के पास विचाराधीन है। प्रशासन द्वारा तत्काल किए गए उपाय इस प्रकार हैं :-

1. दंवरी के अन्दर सभी प्रकार के साक्षात्कार बंद कर दिये गये हैं।

2. आगन्तुकों की पूरी तरह से छान-बीन की जा रही है ताकि उन्हें कैदियों को अनधिकृत वस्तुएं पहुंचाने से रोका जा सके।

3. साक्षात्कार के बाद, जेल स्टाफ द्वारा टी एस पी तथा होमगार्ड कार्मिकों की मदद से कैदियों की पूरी तरह से तलाशी ली जाती है।

4. वाहनों और आगन्तुकों के आवागमन को प्रतिबंधित स्थानों के जरिये विनियमित किया जाता है और किन्हीं निर्दिष्ट स्थानों से परे जाने की अनुमति किसी वाहन को नहीं दी जाती।

5. प्रत्येक दंवरी के बाहर सशस्त्र गारद तैनात की गई है। सी आर पी एफ को एक और कंपनी से जेल की सुरक्षा आउटपिट को मजबूत बनाया गया है।

6. कड़ी देखरेख के लिए एक पूर्णकालिक जेल महानिरीक्षक की नियुक्ति की गई है जिसका कार्यालय तिहाड़ में है।

7. अनेक अतिरिक्त पद स्वीकृत किए गए हैं जिनके लिए भर्ती शुरू हो गई है।

8. जेल के भीतर बेहतर संचार व्यवस्था के लिए कई वाकी-टाकी सेट भी उपलब्ध कराए गए हैं।

9. बिजली फेल हो जाने की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए एक अतिरिक्त जनरेटर भी प्राप्त किया जा रहा है।

(ख) जी नहीं. केवल जेल मैनुअल की व्यवस्थाओं की ही पालन किया जाता है।

(ग) जांच रिपोर्ट पर कार्रवाई लम्बित होने के कारण, ऊपर (क) में अंतरिम उपायों का उल्लेख किया गया है।

सरकार द्वारा वृक्ष-पालन एवं सुरक्षा योजना का आरम्भ किया जाना

265. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ग्राम पंचायतों के माध्यम से वनरोपन योजना के समान एक वृक्षपालन एवं सुरक्षा योजना आरम्भ करने का विचार रखती है अथवा इस संबंध में कोई अन्य उपाय आरम्भ करने का विचार रखती है ; और

(ख) यदि उपरोक्त भाग (क) का उत्तर "ना" हो, तो उसके क्या कारण है ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जे. आर. अन्सारी) : (क) तथा (ख) कुछ वनरोपण योजनाएं भीगाधिकार में सहभागी होने के बदले में वृक्षों का पालन एवं सुरक्षा प्रदान करती है। इस आधार पर वृक्ष पट्टा प्रदान करने के लिए राज्यों का अनुरण किया जा रहा है तथा विद्यमान वृक्ष पट्टा योजना में उपयुक्त परिवर्तन कर उसे प्रतिक्रियाशील बनाने के लिए राज्यों को मार्गदर्शी सिद्धांत जारी किये गये हैं।